हरिभूमि

महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

11 जिलेभर के 40 स्कूलों से 250 प्रतिभागियों ने दिखाया दम



12 महेंद्रगढ़ शहर में 500 सीटों वाला अतिआधुनिक ऑडिटोरियम बनेगा



विभाग ने दूसरी फर्म को पहाड़ का सात एकड़ रकबा लीज पर छोड़ा

दौंखेरा के पहाड़ पर साढ़े 4 एकड़ की लीज लेकर 15 एकड़ में खनन के आरोप, माइंस की पैमाइश करके राजस्व नुकसान भरपाई की कवायद

- मौके पर साढ़े चार एकड़ पर पहले ही सैकड़ों फीट गहराई तक पत्थर निकला हुआ मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

दौंखेरा पहाड़ की लीज बीते दो महीने से विवादों में बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि साल 2001 में तत्कालीन जेडी माइंस संचालक को करीब साढ़े चार एकड़ रकबा पत्थर खनन के लिए लीज पर छोड़ा गया था, लेकिन उन्होंने प्रशासन और विभाग से मिलीभगत करके करीब 15 एकड़ में खनन कर लिया। अब दूसरी माइंस को सात एकड़ का खनन पट्टा अलॉट कर दिया, लेकिन निर्धारित रकबे में करीब साढ़े चार एकड़ पर पहले ही सैकड़ों फीट खनन मिला है। शिकायत मिलने पर प्रशासन ने पैमाइश करवा दी, रिपोर्ट के आधार पर राजस्व नुकसान की भरपाई करने का प्रपोजल तैयार किया गया है।

आपको बता दें कि राजस्थान बार्डर पर स्थित पहाड़ की तलहटी पर दौंखेरा गांव बसा हुआ है। ग्रामीणों ने पहाड़ पर मंदिर निर्माण तथा अन्य सार्वजनिक सुविधाएं स्थापित की हैं, लेकिन 2001 में विभाग ने पहाड़ को लीज के लिए चिन्हित किया तथा ऑक्शन के लिए सरकार को रिपोर्ट भेज दी। विभाग ने विभिन्न प्रक्रिया पूरी करके जेडी माइंस को पत्थर खनन के लिए लीज अलॉट कर दी। तत्कालीन माइंस संचालक को साढ़े चार एकड़ पर निर्धारित मानकों से खनन करना था, लेकिन उन्होंने 15 एकड़ से अधिक रकबे पर सैकड़ों फीट गहराई से



नांगल चौधरी। दौंखेरा पहाड़ पर माइंस की पैमाइश करते विभागीय अधिकारी और ग्रामीण।

पत्थर निकाल लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि संचालक के पट्टे की अवधि 2021 में समाप्त हो गई थी, लेकिन उन्होंने प्रशासनिक पहुंच और भ्रष्टाचार की मदद से 2025 तक खनन करके पंचायत के रकबे को नुकसान पहुंचाया है। दूसरी तरफ पट्टा खत्म होते ही सरकार ने दुबारा विभिन्न प्रक्रिया पूरी लीज अलॉट कर दी। संचालक ने हैंडओवर के लिए पहाड़ का निरीक्षण किया तथा बिना विभागीय अनुमति से पंचायती जमीन को खुर्दबुर्द करना आरंभ कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने उपायुक्त, एसपी, एसडीएम तथा तहसीलदार से मिलकर खनन एरिया की जांच तथा पैमाइश करने की गुहार लगाई। कहा कि पहाड़ के साथ लगता पंचायती रकबा है, जहां मंदिर निर्माण के अलावा हरियाली है। खनन संचालक पौधों को उखाड़कर पंचायती रकबे से पत्थर निकालने की फिराक में हैं। शिकायत मिलने पर प्रशासन ने तहसीलदार निशा श्योराण की निगरानी में पैमाइश कमेटी गठित की, जिसने पहाड़ पर खाली और खनन रकबा मापा है। पैमाइश के दौरान जेडी माइंस की ओर से निर्धारित अनुमति से करीब 10 एकड़ अधिक खनन करने का अनुमान है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि तत्कालीन संचालक ने लीज अवधि खत्म होने बाद भी तीन साल तक पहाड़ पर खनन किया है, जिसकी विभागीय अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से भ्रष्टाचार की चर्चाएं तेज हो गई है।

पंचायती रकबे को टारगेट करके खनन का लिया टैंडर

कालू बटार, पूर्व सरपंच लालचंद ने बताया कि लीज आलॉट की प्रक्रिया में धड़ल्ले से भ्रष्टाचार का सहारा लिया गया है। जिस कारण मंदिर, पेट्रोल पंप, आबादी के मानकों को नजरंदाज करके एनओसी रिलीज की गई हैं। प्रशासनिक पैमाइश में आधे से अधिक रकबे पर खनन हो चुका है। बावजूद नामजद फर्म ने लीज अलॉट करवा ली, क्योंकि संचालक ने पंचायती रकबे पर खनन करने का टारगेट निर्धारित कर रखा है। उन्होंने कहा कि पहाड़ पर अवैध खनन का विरोध लगातार जारी रहेगा।

जेडी माइंस के अवैध खनन की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजेंगे



जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जेडी माइंस को करीब साढ़े चार एकड़ रकबा लीज पर छोड़ा था, लेकिन उन्होंने अवैध रूप से पंचायती रकबे से पत्थर निकाला है। माइंस रकबे की पैमाइश करवाई गई है, रिपोर्ट के आधार पर राजस्व नुकसान का आंकलन करके उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया बताया कि पहाड़ को दोबारा खनन के लिए छोड़ा गया है, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते काम रूका हुआ है।

खबर संक्षेप

आज रामबास में गुल रहेगी बिजली

कनीना। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय के एसडीओ उमेश वर्मा ने बताया कि रामबास सब-स्टेशन पर सामान्य रखरखाव और मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। 33 केवी पावर ग्रिड सब-स्टेशन रामबास में सुबह नौ बजे से 11 बजे तक दो घंटे का शटडाउन रहेगा। इस दौरान 33 केवी रामबास सब-स्टेशन से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडरों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी।

डायल 112 ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

नारनौल। डायल-112 की इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल पर तैनात पुलिस टीम ने मानवता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति को बिना समय गंवाए नागरिक अस्पताल पहुंचाकर समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ईआरवी की पुलिस टीम नीरपुर की ओर से आ रही थी। कैलाश नगर के पास सड़क पर मौजूद लोगों ने पुलिस वाहन को रुकवाकर बताया कि एक कार चालक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया है।

उद्घोषित आरोपित को किया गिरफ्तार

नारनौल। पुलिस ने न्यायालय से उद्घोषित आरोपित को जिला फतेहाबाद के टोहाना क्षेत्र से काबू करने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान गुरदेव सिंह निवासी गांव शक्करपुरा, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपित को आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित थाना शहर पुलिस के हवाले कर दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित गुरदेव सिंह को न्यायालय नारनौल की ओर से 11 जुलाई 2023 को उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था।

एक किसान को तीन बैग, 1350 रुपये में मिल रहा 50 किलो का बैग

किसानों में डीएपी वितरण जारी अब 1500 बैग की खेप पहुंची

पहले दिन 470 बैग वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

रबी सीजन में डीएपी की मांग के बीच रेलवे रोड स्थित अनाज मंडी की मार्केटिंग कोऑपरेटिव सोसायटी में मंगलवार को खाद वितरण जारी रहा। सोमवार को पहुंची आईपीएल कंपनी की करीब 1500 बैग डीएपी की खेप में से पहले दिन करीब 470 बैग किसानों को वितरित किए गए। एक किसान को अधिकतम तीन बैग डीएपी 1350 रुपये प्रति बैग की दर से दिया जा रहा है। 50 किलोग्राम के बैग की मांग को देखते हुए शेष स्टॉक भी अगले एक-दो दिन में समाप्त होने की संभावना है।

बता दें कि मार्केटिंग कोऑपरेटिव सोसायटी में डीएपी वितरण पिछले काफी समय से प्रभावित रहा था। सोसायटी के प्रबंधकीय चुनावों को लेकर विवाद के चलते लिक्विडेटर नियुक्त किया गया था, जिस पर डीआर भिवानी की ओर से रोक लगा दी गई थी। इसके बाद सहायक रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से सोसायटी के सेल्समैन, अकाउंटेंट और स्टोरकीपर को हटाए जाने से यहां केवल मैनेजर और चपड़ासी ही रह गए थे।



नारनौल। सोसायटी कार्यालय पर खाद के लिए खड़े किसान। फोटो : हरिभूमि

कर्मचारियों की कमी के चलते खाद की खरीद और वितरण व्यवस्था भी ठप हो गई थी।

करीब डेढ़ माह तक खाद वितरण बंद रहने के बाद 5 अक्टूबर को किसानों ने डीएपी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर उपायुक्त आवास के बाहर प्रदर्शन किया था। इसके बाद कृषि विभाग को सोसायटी में खाद वितरण शुरू करवाने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में कृषि विभाग के दो कर्मचारी और सहायक रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से एक कर्मचारी खाद वितरण में सहयोग कर रहे हैं। कृषि विभाग के कर्मचारी किसानों के टोकन बना रहे हैं, जबकि अन्य कर्मचारी बिल बनाने और खाद उठवाने की व्यवस्था संभाल रहे हैं।

पहले भी पहुंच चुकी हैं कई खेप

सोसायटी के रिकॉर्ड के अनुसार चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में पिछले वर्ष के 288 बैग डीएपी का स्टॉक बचा हुआ था। इसके बाद मई से अगस्त तक अलग-अलग तारीखों में डीएपी की कई खेप पहुंचीं। 6 मई को 250, 11 मई को 560, 25 मई को 555, 8 जून को 600, 27 जून को 560, 29 जून को 1120, एक जुलाई को 1160, 29 जुलाई को 1000, एक अगस्त को 1000 और 16 अगस्त को 800 बैग डीएपी आया था। इसके बाद लंबे अंतराल के बाद सितंबर के अंत में 30 तारीख को 500 बैग तथा बाद में 11 अक्टूबर को करीब 1300 बैग की खेप वितरित की गई। अब 26 अक्टूबर को 1500 बैग की नई खेप पहुंची है।

सरसों की बिजाई के चलते बढ़ी मांग

इस समय सरसों की बिजाई अंतिम चरण में है। वहीं एक नवंबर से गेहूं की बिजाई शुरू होने की तैयारी है। किसान गेहूं की बिजाई से पहले खेत तैयार करने और सिंचाई के बाद डीएपी डालने के लिए खाद की जरूरत महसूस कर रहे हैं। इसी वजह से सोसायटी में पहुंची नई खेप तेजी से वितरित हो रही है। सोसायटी प्रबंधन के अनुसार किसानों को निर्धारित मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराया जा रहा है और वितरण व्यवस्था में कृषि विभाग के कर्मचारियों की मदद ली जा रही है। किसानों की मांग को देखते हुए शेष खाद भी जल्द वितरित किए जाने की संभावना है।



नारनौल। महावीर चौक पर पुतले का दहन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर एवं भवन निर्माण कारीगर यूनियन की ओर से मंगलवार को ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने रेस्ट हाउस से महावीर चौक तक जुलूस निकाला। इसके बाद महावीर चौक पर पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जुलूस के दौरान यूनियन के जिला प्रधान कामरेड बलवीर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है, लेकिन भाजपा जनता को चुनने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 13 करोड़ लोगों के वोट काटे गए हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि लोगों को उनके मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने एसआईआर को रद्द करने तथा संबंधित मामले में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की बुनियाद है और किसी भी नागरिक को उसके वोट के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। संगठन ने सरकार से इस मामले में आवश्यक कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन में कामरेड बलवीर सिंह, प्रधान सीताराम, महावीर, भगवान, बंशीधर, यादराम कोरियावास, रामावतार, राकेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

सुरेन्द्र बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री

नारनौल। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेन्द्र जैन को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी मिलने पर सुरेन्द्र जैन ने हरियाणा प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी, प्रदेश सह-प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. भोला सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सरदार अवनीत सिंह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

नाबालिग बच्चे का अपहरण कर किडनी निकालने की बात कहने वाली ऑडियो वायरल

- पीड़ित बच्चे के ताऊ की शिकायत पर आरोपित पर सिटी पुलिस ने किया केस दर्ज, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर के एक मोहल्ला वासी पीड़ित कैलाश सैनी ने सिटी पुलिस थाना में शिकायत दी है। उस शिकायत में बताया है कि वह और उसका भाई मिलकर रहते है। भाई बाहर काम करता है। शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे भाई का नाबालिग बेटा घर के बाहर हनुमान मंदिर के पास खेल रहा था। करीब साढ़े नौ बजे घर आया, तब बहुत घबराया रहा था। ऐसा लग रहा था जैसे बुखार हो रहा हो। परिजनों ने सोचा कि बुखार हो रहा है, इसलिए कांप रहा है। अगले दिन सोमवार को करीब तीन बजे घर गया तो बेटे ने बताया कि संडे को मौहल्ला वासी ही एक युवक उसे उठा ले गया था और कुलताजपुर रोड पर लेकर गया। वहां पर उसे मौहल्लावासी दूसरा युवक मिला और वह आरोपित को बोला यह बच्चा अपने मौहल्ले का है, इसे छोड़ दो। आरोपित ने कहा कि इसकी किडनी निकालनी है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे शाम को बेटे ने जब पूरा घटनाक्रम बताया तो वह उस बचाने वाले युवक से मिला। उस युवक ने सारी घटना बताई और कहा यह कल आपके भाई के बेटे को उठाकर मारने वाला था। वह मौके पर पहुंच गया और बेटे को बचा लिया। दो युवकों की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि नामजद आरोपित छोटे बच्चों को उठाता है और उन बच्चों को मारके उनके अंग बेचता है। बच्चे को जान से मारने की धमकी दी है और कहा घर मत बताना नहीं तो मार देंगे।

शिकायत के साथ दी ऑडियो

शिकायतकर्ता ने शिकायत के साथ पुलिस को ऑडियो भी दी है। यह ऑडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। इस तथाकथित ऑडियो में आरोपित बच्चे की किडनी निकालने या गैंगस्टर के हवाले करने की बात कह रहा है। जबकि दूसरा युवक उसे ऐसा नहीं करने की सलाह दे रहा है। इस वायरल ऑडियो की हरिभूमि पुष्टि नहीं करता है। वहीं सिटी पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा के तहत केस दर्ज किया है।

क्या कहते हैं एसएचओ

सिटी थाना एसएचओ अनिल कमांडो ने मीडिया को बताया कि किडनी निकालने जैसी कोई बात नहीं है। आरोपित ने शराब पी हुई थी। इसलिए बच्चे को धमका दिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इसके बाद पीआरओ ने एसएचओ की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल की। जिसमें एसएचओ कह रहे है कि नारनौल क्षेत्र में एक बच्चे के कथित अपहरण व उसकी किडनी निकालने संबंधित ऑडियो का मामला पुलिस के संज्ञान में आया है। इस संबंध में बच्चे के परिजनों द्वारा थाना शहर नारनौल में लिखित शिकायत दी गई थी। जिसके आधार पर पुलिस द्वारा संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत अभियुक्त के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्य एवं साक्ष्यों के आधार पर नियम अनुसार आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

एसडीएम ने ली सतर्कता एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

नारनौल। एसडीएम गुरविंद्र सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में उप-मंडल स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक ली। जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत पीड़ितों को दी जाने वाली राहत और मुआवजे से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। एसडीएम ने बताया कि अधिनियम के क्रियान्वयन में अलग-अलग अधिकारियों की भूमिका तय करने और जिला प्रशासन को मिली विभिन्न रिपोर्टों की समीक्षा के लिए प्रशासन ने यह सतर्कता कमेटी गठित की है। उन्होंने कहा कि जब अनुसूचित जाति या जनजाति के किसी व्यक्ति पर गैर-अनुसूचित जाति के व्यक्ति द्वारा अत्याचार किया जाता है, तो पीड़ित को आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि ट्यूबवेल को नुकसान, चल-अचल संपत्ति की हानि, स्थायी या अस्थायी अपंगता, दुष्कर्म और हत्या जैसे मामलों में दी जाती है। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय से तहसील कल्याण अधिकारी ममता, नायब तहसीलदार लच्छीराम, बीडीपीओ श्यामलाल, जयपाल डेरोली, अतर सिंह नूनी शेखपुरा मौजूद रहे।

निरीक्षण | जिले में विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए 14 नमूने, जांच अभियान चलाया

त्योहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई तेज



नारनौल। निरीक्षण के दौरान मौजूद टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व खाद्य सुरक्षा विभाग के कमिश्नर डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने जिले में विभिन्न खाद्य पदार्थों के 14 नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने कहा कि त्योहारी सीजन के मद्देनजर आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जिले में निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाना तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने मिठाई विक्रेताओं एवं अन्य खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिए कि वे मिठाइयों के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले घी एवं तेल के संबंध में सही जानकारी अपने काउंटर पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, ताकि उपभोक्ताओं को पता चल सके कि मिठाइयां किस प्रकार के घी या तेल से तैयार की गई हैं। उन्होंने खाद्य कारोबारियों को मिठाइयों में अनावश्यक रंगों का प्रयोग न करने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में अधिक बिक्री के बावजूद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

डॉ. अमित कुमार ने सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की कि वे गुणवत्तापूर्ण कच्चे माल का उपयोग करें, खाद्य पदार्थों को स्वच्छ परिस्थितियों में तैयार करें तथा अपने प्रतिष्ठानों का एफएसएसएआई पंजीकरण या लाइसेंस सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि त्योहारों के दौरान मिठाइयां एवं अन्य खाद्य पदार्थ विश्वसनीय दुकानों से खरीदें और किसी भी प्रकार की मिलावट या खाद्य सुरक्षा संबंधी अनियमितता दिखाई देने पर विभाग को सूचित करें।

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट पर रोक लगाने के लिए निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

2527 रुपये तक पहुंचा बाजरे का भाव

- मंगलवार को 27 रुपये बढ़ा रेट, 375 गेटपास पर 11 हजार क्विंटल बाजरे की आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित अनाज मंडी में बाजरे की आवक और खरीद लगातार जारी है। मंगलवार को मंडी में 375 गेटपास पर करीब 11 हजार क्विंटल बाजरा पहुंचा। वहीं बाजरे का शीर्ष भाव सोमवार के मुकाबले 27 रुपये बढ़कर 2527 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गया। सोमवार को 2300 रुपये से 2500 रुपये तक बाजरा बिका था।

मार्केट कमेटी के चेयरमैन बाबूलाल यादव ने बताया कि मंगलवार को बाजरे के भाव में 27 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने भावांतर भरपाई योजना के तहत बाजरे का समर्थन मूल्य 2900 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। मंडी में यदि बाजरा 2300 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बिकता है तो किसानों को 600 रुपये प्रति क्विंटल भावांतर देने की घोषणा की गई है। वर्तमान बिक्री भाव के अनुसार भावांतर की राशि जे-फार्म भरने के बाद किसानों के खातों में सीधे भेजी जाएगी। मंडी में दोपहर के समय किसानों के लिए मात्र 10 रुपये में भोजन की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को श्योरामनाथपुरा, सुराना, शाहपुर अव्वल और शाहपुर दोयम गांवों के किसानों का बाजरा खरीदा जाएगा।



नारनौल। मंडी में आए बाजरे की बोली लगाते व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

आज की मंडी स्थिति

गेटपास : 375
बाजरे की आवक : 11,000 क्विंटल
शीर्ष भाव : 2527 रुपये प्रति क्विंटल
एक दिन में भाव बढ़ा : 27 रुपये



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बानाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज़ पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।



कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।

कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



महोत्सव के पांचवें दिन हैंड राइटिंग और वन एक्ट प्ले/थिएटर प्ले प्रतियोगिताएं

जिलेभर के 40 स्कूलों से 250 प्रतिभागियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाल भवन में आयोजित की जा रही आठ दिवसीय जिला स्तरीय बाल-महोत्सव प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के तहत मंगलवार को पांचवें दिन हैंड राइटिंग और वन एक्ट प्ले/थिएटर प्ले प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने सभी निर्णायक मंडल के सदस्यों, अध्यापकों, बच्चों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया। आज के दिन आयोजित वन एक्ट प्ले/थिएटर प्ले चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा और देशभक्ति जैसे विषयों पर अपने सजीव अभिनय की शानदार प्रस्तुतियां दी। आज की विभिन्न स्पर्धाओं में जिलेभर के 40 स्कूलों से लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि वन एक्ट प्ले/थिएटर प्ले में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता आगे मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।





नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

वहीं हैंड राइटिंग प्रथम व द्वितीय ग्रुप के प्रथम व द्वितीय स्थान विजेता सीधे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे, जिनकी तिथियों व आयोजन की घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 14 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बाल दिवस एवं पारितोषिक वितरण समारोह में उपायुक्त अनुपमा अंजली द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को सोलो सॉन्ग द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ ग्रुप तथा डिक्लेमेशन तृतीय व चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार व लिपिक सुरेन्द्र शर्मा ने किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ. पंकज गौड़, डॉ. ममता शर्मा, शर्मिला यादव, संजय शर्मा, डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, ललित सैनी, वंदना शर्मा, रामबिलास सैनी ने भूमिका निभाई।

प्रतियोगिताओं के परिणाम

हैंड राइटिंग हिन्दी प्रथम ग्रुप में यदुवंशी शिक्षा निकेतन नारनौल की मोनल ने प्रथम, द गुरुकुलम पब्लिक स्कूल नांगल चौधरी की ईशाना ने द्वितीय, गांधी हाई स्कूल नारनौल की डिंपल ने तृतीय, एमएलएस डीएवी स्कूल के हर्ष ने सांत्वना प्रथम, आरपीएस पब्लिक स्कूल नारनौल की कृषा ने सांत्वना द्वितीय स्थान हासिल किया। हैंड राइटिंग अंग्रेजी प्रथम ग्रुप में भारती स्कूल की कनक बंसल ने प्रथम, श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका की रिशिता ने द्वितीय, यदुवंशी कनीना की देवांशी ने तृतीय, आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ के लक्ष्य ने सांत्वना प्रथम, बीआर ज्ञानदीप स्कूल सूरजनवास की हिमानी ने सांत्वना द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हैंड राइटिंग अंग्रेजी द्वितीय ग्रुप में आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ की अंशु ने प्रथम, श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका की वंशिका ने द्वितीय, द वेदांता इंटरनेशनल स्कूल नारनौल की कनिष्का ने तृतीय, हैप्पी एवरग्रीन स्कूल महेंद्रगढ़ की यशवी ने सांत्वना प्रथम, भारती पब्लिक की नव्या गुप्ता ने सांत्वना द्वितीय स्थान अर्जित किया। हैंड राइटिंग हिन्दी द्वितीय ग्रुप में श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका की चहक ने प्रथम, यदुवंशी की चंचल ने द्वितीय, आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ के अयान सिंह ने तृतीय, नवज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल मांदी की नियति ने सांत्वना प्रथम, सीएल स्कूल नारनौल की मोहनाश्री ने सांत्वना द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा, बाल कल्याण परिषद के आजीवन सदस्य भारत भूषण वालिया, कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार, लेखाकार मनीष कुमार, लिपिक सुरेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

कांटी में खो-खो का महासंग्राम 16 को

मंडी अटेली। जिला महेंद्रगढ़ खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में 16 नवंबर को अटेली क्षेत्र के गांव कांटी के राजकीय विद्यालय खेल मैदान में वीरभूमि महेंद्रगढ़ ओपन खो-खो कप का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में लड़कों और लड़कियों की ओपन श्रेणियों के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह नौ बजे और समापन समारोह दोपहर साढ़े तीन बजे आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, शारीरिक फिटनेस और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जागरूकता शिविर

नारनौल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में देशभर में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. रितु वाईके बहल के दिशा-निर्देशानुसार तथा डीएलएसए सचिव नीलम कुमारी के नेतृत्व में लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल सिहमा में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सीजेएम नीलम कुमारी ने कहा कि बच्चों के यौन अपराधों से संरक्षण कानून (पोक्सो एक्ट, 2012), गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

चूड़ियों और व्रत की थालियों की जमकर हो रही खरीदारी

करवाचौथ को लेकर बाजार में छाई रौनक, सजने-संवरने में जुटीं महिलाएं

- ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं की भीड़, संचालकों ने दिए विशेष ऑफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

29 अक्टूबर को मनाए जाने वाले करवाचौथ व्रत को लेकर महिलाओं में उत्साह बढ़ता जा रहा है। व्रत की तैयारियों के चलते शहर के बाजारों में रौनक दिखाई देने लगी है। महिलाएं करवाचौथ के लिए आवश्यक सामान की खरीदारी करने के साथ-साथ सजने-संवरने की तैयारियों में भी जुटी हुई हैं। बाजार में चूड़ियों, व्रत की थालियों, श्रृंगार सामग्री सहित अन्य सामान की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। वहीं, ब्यूटी पार्लरों में भी करवाचौथ को लेकर महिलाओं की संख्या बढ़ गई है। महिलाओं को आकर्षित करने के लिए ब्यूटी पार्लर संचालकों की ओर से विशेष ऑफर भी दिए जा रहे हैं। करवाचौथ का पर्व महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखती हैं। व्रत को लेकर महिलाएं कई दिन पहले से ही तैयारियां शुरू कर देती हैं। शहर के बाजारों में भी इसका असर साफ दिखाई देने लगा है। करवाचौथ से संबंधित सामान की खरीदारी के लिए महिलाएं बाजार पहुंच रही हैं। खासकर चूड़ियों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ अधिक नजर आ रही है। महिलाएं अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न रंगों और डिजाइनों की चूड़ियां खरीद रही हैं। इसके अलावा करवाचौथ की व्रत थाली भी महिलाओं की खरीदारी का प्रमुख हिस्सा बनी हुई है। दुकानों पर सजी आकर्षक व्रत थालियां महिलाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। बाजार में अलग-अलग डिजाइन और सजावट वाली थालियां उपलब्ध हैं। महिलाएं अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार थाली खरीद रही हैं। पूजा में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री, श्रृंगार का सामान व कपड़ों की खरीदारी भी की जा रही है।



महेंद्रगढ़। ब्यूटी पार्लर पर मेकअप करवाती महिला।

सजने-संवरने के लिए उमड़ी महिलाओं की भीड़

करवाचौथ के अवसर पर महिलाएं पूजा और व्रत की तैयारियों के साथ खुद को सजाने-संवारने पर भी विशेष ध्यान दे रही हैं। इसके चलते शहर के ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं की भीड़ बढ़ गई है। महिलाएं फेशियल, हेयर कट, वैक्सिंग सहित अन्य सौंदर्य सेवाएं ले रही हैं। कई महिलाएं करवाचौथ से एक-दो दिन पहले ही ब्यूटी पार्लर में अपनी बुकिंग करवा रही हैं, ताकि पर्व के दिन उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। महिलाओं की बढ़ती मांग को देखते हुए ब्यूटी पार्लर संचालकों ने भी करवाचौथ के लिए विशेष ऑफर शुरू किए हैं। अलग-अलग ब्यूटी पार्लरों में सेवाओं के अनुसार अलग-अलग दरें रखी गई हैं। फेशियल के लिए 150 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक के ऑफर उपलब्ध हैं। इसी तरह हेयर कट के लिए 500 रुपये से लेकर 3000 रुपये तक की सेवाएं दी जा रही हैं। वैक्सिंग के लिए 50 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक के ऑफर रखे गए हैं। शहर के मौहल्ला ढाणी स्थित हन्नी ब्यूटी पार्लर संचालिका निशा यादव का कहना है कि करवाचौथ को लेकर महिलाओं में हर साल विशेष उत्साह देखने को मिलता है। इस बार भी महिलाएं पहले से ही ब्यूटी सेवाओं के लिए संपर्क कर रही हैं। पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष पैकेज और ऑफर दिए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं अपनी पसंद के अनुसार सेवाएं ले सकें। संचालकों के अनुसार करवाचौथ के नजदीक आने के साथ पार्लरों में महिलाओं की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

बाजार में बढ़ी खरीदारी, दुकानदारों को अच्छे कारोबार की उम्मीद



करवाचौथ के कारण बाजार में खरीदारी बढ़ने से दुकानदारों में भी उत्साह है। चूड़ियों और श्रृंगार सामग्री की दुकानों के साथ व्रत से संबंधित सामान बेचने वाले दुकानदारों को भी अच्छी बिक्री की उम्मीद है। बाजार में महिलाओं की आवाजाही बढ़ने से दुकानों पर रौनक बढ़ गई है। महिलाएं अपने लिए खरीदारी करने के साथ परिवार के अन्य सदस्यों के लिए भी जरूरत का सामान खरीद रही हैं। करवाचौथ के दिन महिलाएं पूरे दिन व्रत रखने के बाद शाम को चंद्रमा के दर्शन कर व्रत खोलती हैं। इससे पहले वे पूजा की तैयारियां करती हैं। ऐसे में व्रत की थाली, चूड़ियां, श्रृंगार सामग्री और पूजा से जुड़ी वस्तुओं की मांग बढ़ गई है। बाजार में दुकानदारों ने भी करवाचौथ को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराई है। पर्व को लेकर महिलाओं में बढ़ता उत्साह और बाजार में बढ़ी चहल-पहल से साफ है कि करवाचौथ का रंग शहर के बाजारों पर चढ़ने लगा है। आने वाले दिनों में खरीदारी और बढ़ने की संभावना है। वहीं, ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं की संख्या बढ़ने से संचालकों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

खबर संक्षेप



स्वास्थ्य मंत्री वादों को पूरा करने में असफलः अतरलाल

नारनौल। किसी भी जनप्रतिनिधि के कार्यों का मूल्यांकन करने के लिए दो वर्ष का कार्यकाल बहुत होता है। दो वर्ष के कार्यकाल में स्थानीय विधायक और मंत्री आरती सिंह राव अटेली के लोगों से किए वायदों को पूरा करने में पूर्णतया असफल रही है। अटेली में मजबूत विपक्षी पार्टी के नाते बहुजन समाज पार्टी मंत्री आरती सिंह राव की इस वायदा खिलाफी के विरोध में एक नवम्बर हरियाणा दिवस से वायदे पूरे करो वरना गद्दी छोड़ो आंदोलन शुरू करेगी। उक्त घोषणा बहुजन समाज पार्टी के नेता और अटेली से पूर्व विधायक प्रत्याशी अतरलाल एडवोकेट ने गांव रातां में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए की।



हरियाणा स्कूल में जागरूकता शिविर

नारनौल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. रितु वाईके बहल के दिशा निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत तहत सिविल जज जूनियर डिवीजन डॉ. मुकेश कुमार ने हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को कानूनी एवं सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया। डॉ. मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट और बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें कानूनी अधिकारों के प्रति सशक्त बनाना है। इस विशेष जागरूकता सत्र के दौरान पैनल अधिवक्ता कृष्ण कुमार व विद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



सीएल स्कूल इंटर-हाउस मैथ क्विज प्रतियोगिता

नारनौल। हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में छात्रों के बीच गणित विषय की तार्किक क्षमता को बढ़ाने के लिए इंटर-हाउस मैथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में गणित के प्रति रुचि पैदा करना और उनकी बौद्धिक क्षमता को परखना था। प्रतियोगिता में विभिन्न सदनों रेड हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस और येलो हाउस के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कड़ी टक्कर के बाद अकादमी के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्लू हाउस द्वितीय, ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

पार्षद संदीप जैन भाजपा में शामिल

नारनौल। जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रधान एवं नगर पार्षद संदीप जैन (बंटी) भाजपा में शामिल हो गए है। सोमवार को विधायक ओमप्रकाश यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव व जिला प्रभारी वरुण श्योराण की उपस्थिति में पार्टी का पटका पहना। इस अवसर पर पार्षद संदीप जैन ने कहा कि वो पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का अनुसरण करते हुए संगठन के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने पूर्व में भी भारतीय जनता पार्टी के लिए पूरे समर्पण एवं निष्ठा से काम किया है और भविष्य में भी पूरे उत्साह व जोश के साथ पार्टी के लिए कार्य करेंगे। संदीप जैन ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसमें एक छोटा सा कार्यकर्ता भी बड़े से बड़े पद पर पहुंच सकता है। संदीप जैन ने अपनी नियुक्ति के लिए विधायक ओमप्रकाश यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ यतेंद्र राव व जिला प्रभारी वरुण श्योराण का आभार प्रकट किया है।





महेंद्रगढ़। विशेषज्ञ व्याख्यान के बाद उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर हकेंवि में विशेष व्याख्यान

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में रामायण की शिक्षाओं का विद्यार्थी जीवन में महत्व विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि रामायण में जीवन का सार निहित है। महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं और आदर्शों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन में सुख, समृद्धि और नैतिक उन्नति प्राप्त कर सकता है। स्वामी दयानंद सरस्वती पीठ की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुमन रानी तथा पोषण विज्ञान विभाग की सहआचार्य डॉ. सविता बुधवार ने मुख्य वक्ता पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुरेंद्र का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. सुरेंद्र ने कहा कि रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन के नैतिक मूल्यों, ईमानदारी, वचनबद्धता, कर्तव्यनिष्ठा और विनम्रता की शिक्षा देने वाला महत्वपूर्ण ग्रंथ है। मंच संचालन डॉ. निलेश ने किया। अंत में डॉ. सुमन रानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर संस्कृत विभाग से डॉ. अर्चना एवं डॉ. सुमित, योग विभाग से डॉ. निलेश एवं डॉ. बबीता सहित अन्य शिक्षकों सहित विभिन्न विभागों के 100 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

लाला बिशन दयाल मेहता को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

महेंद्रगढ़। लाला बिशन दयाल मेहता की पुण्यतिथि पर उनके परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके पुत्र विजय मेहता, डॉ. ओमप्रकाश मेहता एवं शिवरतन मेहता ने अपने पिता की स्मृति में नगर के सबसे प्राचीन मंदिर श्री मोदाश्रम महादेव मंदिर के नवनिर्माण कार्य के लिए दो लाख 51 हजार रुपये की राशि दान स्वरूप भेंट की। परिवार के सदस्यों ने अपने पिता की स्मृति को संजोते हुए मंदिर के नवनिर्माण में सहयोग देकर धार्मिक एवं सामाजिक सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। शिवरतन मेहता ने बताया की उनके पिता की इस पुण्यतिथि पर श्री मोदाश्रम मंदिर कमेटी को अपने घर बुलाकर मंदिर के नवनिर्माण में परिवार द्वारा दो लाख 51 हजार की दान राशि दी है। उनके इस कार्य पर मंदिर कमेटी ने मेहता परिवार का आभार व्यक्त किया गया। कमेटी ने कहा कि मंदिर के नवनिर्माण में परिवार द्वारा दिया गया सहयोग सराहनीय है। इस प्रकार के सहयोग से धार्मिक स्थलों के विकास एवं संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। लाला बिशन दयाल मेहता की पुण्यतिथि पर उनके परिवार द्वारा किया गया यह योगदान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ धार्मिक आस्था और सामाजिक सेवा की भावना को भी दर्शाता है।



करवाचौथ की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने मनाया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हुडा सेक्टर स्थित डॉ. अंजू सिंघानिया पत्नी डॉ. अभिषेक सिंघानिया के निवास पर करवा चौथ की पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सेक्टर की महिलाओं ने लाल रंग की पारंपरिक वेशभूषा और सोलह श्रृंगार के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर नृत्य किया तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।

आयोजित प्रतियोगिता में करवा क्वीन उर्मिला गुप्ता बनी। डॉ. अंजू सिंघानिया ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ महिलाओं को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करते हैं। उर्मिला गुप्ता ने कहा कि करवा चौथ केवल व्रत का पर्व नहीं, बल्कि पति-पत्नी के अटूट विश्वास, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है।



नारनौल। करवाचौथ की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

इस मौके पर रंजनी, बबीता, संध्या, नीलम, आशा, ममता, रेणु, कुसुम, तोशिका, किरण, बंटी, रेणु, मीनाक्षी, मंजू, उर्मिल, रिंकू आदि महिलाएं उपस्थित रही।

फूलसिंह सद्गुरु कबीर रत्न पुरस्कार से सम्मानित

- बिरदीचंद गोठवाल बने सीनियर वाइस चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली का 11वां वार्षिक आपसी सद्भावना एवं भाईचारा सम्मेलन तथा आमसभा संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान जगदीश चंद्र सिंघल ने की। समारोह में महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ ही संविधान की प्रस्तावना पढ़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में संरक्षक आरपी सिंह आईपीएस, मुख्य अतिथि केएस मेहरा आईएएस, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. डी. सुरेश आईएएस, विशेष अतिथि रविंद्र गोठवाल अधीक्षण अभियंता, ओमप्रकाश वर्मा एमडी, धर्मपाल पूनिया उप निदेशक, चेयरमैन राजकुमार अहलावत गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे।



नारनौल। कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

समारोह में मुख्य वक्ता डॉ. शिवताज सिंह ताज, डॉ. प्रमोद मेहरा व डॉ. देशराज ने वैचारिक मार्गदर्शन किया, जबकि मंच संचालन इन्द्र सिंह नूनवाल ने किया। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर शिक्षा और खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को संस्था की ओर से पारितोषिक देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद चौधरी फूलसिंह महायच व बिरदी चंद गोठवाल ने संस्था के प्रधान जगदीश चंद्र सिंघल, चेयरमैन ब्रह्मप्रकाश दहिया आईएएस, इन्द्रसिंह नूनवाल, महासचिव महाबीर सिंघल, धर्मवीर रंगा, थावर गोठवाल, सहायक कोषाध्यक्ष रेखा रानी व समस्त कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बास किरारोद उमराबाद समिति के सचिव मैनपाल, महेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, अमन कुमार, नवरत्न, संजय, रतीराम, विक्रम, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

समारोह में भारी संख्या में उमड़ा जनसैलाब

समारोह में महेंद्रगढ़ क्षेत्र के बास किरारोद उमराबाद निवासी चौधरी फूलसिंह महायच को उनकी अर्धांगिनी कृष्णा महायच के साथ सद्गुरु कबीर रत्न पुरस्कार से अलंकृत किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने और समारोह में भारी संख्या में उमड़े जनसैलाब को देखकर मूकनायक के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने संस्था के प्रधान जगदीश चंद्र सिंघल को फूलमाला व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। आमसभा में संस्था ने प्रस्ताव पारित कर वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सीनियर वाइस चेयरमैन के पद पर पदोन्नत कर सम्मानित किया। इसके साथ ही मुख्य वक्ता डॉ. शिवताज सिंह ताज, वरिष्ठ प्रबंधक रमेश चंद्र व प्यारेलाल चवन को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

पीएमश्री स्कूल नायन में एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

नांगल चौधरी। पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नायन में एसडीएम उदय सिंह ने औचक निरीक्षण कर स्कूल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों की रोजाना हाजिरी और आवागमन रजिस्टर की जांच की। साथ ही विद्यालय में पेयजल, साफ-सफाई और प्रयोगशाला की व्यवस्थाओं को भी परखा। एसडीएम छापेमारी की सूचना मिलने पर ब्लॉक की अन्य शिक्षण संस्थाओं में अफरा-तफरी की स्थिति देखने को मिली है। एसडीएम उदय सिंह सुबह 10 बजे स्कूल में पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने प्राचार्य कक्ष में रखा हाजिरी रजिस्ट्र खंगाला तथा उपस्थित शिक्षक स्टॉफ की रिपोर्ट तलब की। उन्होंने साइंस प्रयोगशाला का निरीक्षण किया तथा देखा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है या नहीं। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पीने के पानी की उपलब्धता और साफ-सफाई की सामान्य व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। प्राचार्य डॉ. महीपाल सिंह ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल, स्वच्छता और विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे में अधिकारियों के निरीक्षण से विद्यालय प्रबंधन को व्यवस्थाओं की समीक्षा करने और कमियों को दूर करने का अवसर मिलता है।

सूचना

मैं, हरिओम पुत्र श्री महावीर प्रसाद, निवासी गांव सेका, तहसील नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा)– 123001, बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम हरिओम से बदलकर हरिओम यादव कर लिया है। भविष्य में मुझे हरिओम यादव के नाम से जाना जाए।

निपुण हरियाणा की समीक्षा बैठक में सीखने के परिणामों पर जोर

एडीसी ने अभिभावकों को पेरेंट एप से जोड़ने और कमजोर अधिगम क्षेत्रों में सुधार के दिए निर्देश

अभिभावकों को 'निपुण हरियाणा पेरेंट एप' से जोड़ेगा शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पवारिया की अध्यक्षता में जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में निपुण हरियाणा मिशन की प्रगति, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर, विद्यालय मॉनिटरिंग, अभिभावक सहभागिता और शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्पॉट रिपोर्ट के आंकड़ों का विश्लेषण कर कमजोर अधिगम क्षेत्रों की पहचान तथा उनमें सुधार के लिए लक्षित कार्ययोजना पर जोर दिया।

विभिन्न शैक्षणिक पहलों की प्रगति की समीक्षा की

बैठक में गत समीक्षा बैठक के लंबित बिंदुओं, सितंबर माह के कार्यों, विद्यालय भ्रमण, कक्षा अवलोकन और विभिन्न शैक्षणिक पहलों की प्रगति की समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि निपुण हरियाणा की सफलता केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका असर बच्चों के सीखने के स्तर में दिखाई देना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों और शिक्षा अधिकारियों को अधिक से अधिक अभिभावकों को 'निपुण हरियाणा पेरेंट ऐप' से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐप पर उपलब्ध गतिविधियों के माध्यम से अभिभावक बच्चों के साथ घर पर भी सीखने की प्रक्रिया में सहभागी बनें। विद्यालय और घर के बीच बेहतर शैक्षणिक समन्वय से बच्चों की भाषा एवं गणितीय दक्षताओं को मजबूत किया जा सकता है। जिन विद्यालयों में ऐप का उपयोग कम है, वहां जागरूकता और अभिभावक बैठकों के माध्यम से इसकी उपयोगिता बताने के निर्देश दिए गए।



नारनौल। बैठक में समीक्षा करते एडीसी तरुण कुमार पावरिया। फोटो : हरिभूमि

उच्च प्रभावी शिक्षण रणनीतियों के नियमित उपयोग पर दिया बल

बैठक में कैप्सूल स्कूल सपोर्ट प्रोग्राम की प्रगति की भी समीक्षा हुई। चयनित विद्यालयों में गठित कोर टीमों का प्रशिक्षण समय पर पूरा करने तथा इसके बाद प्रभावी शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही उच्च प्रभावी शिक्षण रणनीतियों के नियमित उपयोग पर भी बल दिया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति, डिजिटल बोर्ड एवं स्मार्ट टीवी के उपयोग, शिक्षण-अधिगम सामग्री, पुस्तकालय गतिविधियों और कक्षा अध्यापन की गुणवत्ता की स्थिति देखी गई। आगामी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण स्थल, संसाधन व्यक्तियों, प्रतिभागियों की उपस्थिति, प्री एवं पोस्ट टेस्ट तथा प्रशिक्षण सामग्री की व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक विद्यालय में बच्चों के बुनियादी भाषा एवं गणितीय कौशल में वास्तविक और मापनीय सुधार सुनिश्चित करने को कहा।

यह बोले एफएलएन: जिला एफएलएन समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह ने विद्यालय भ्रमण और कक्षा अवलोकन को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सीआरसी मुखिया, एबीआरसी और बीआरपी को निर्धारित भ्रमण लक्ष्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण का उद्देश्य केवल रिपोर्ट तैयार करना नहीं, बल्कि कक्षा शिक्षण में वास्तविक सुधार लाना है।

बैठक में ये रहे मौजूद: जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, जिला एफएलएन समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह, राज्य परियोजना क्रियान्वयन इकाई सदस्य पूर्वी शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक दिलबाग सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी नारनौल पवन कुमार, महेंद्रगढ़ जगमाल सिंह, नांगल चौधरी विकास जयदीप आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप

अब तक 3 लाख क्विंटल से अधिक बाजरे की खरीद

कनीना। नई अनाज मंडी में बाजरा खरीद कार्य चरम सीमा पर है। किसान रोस्टर के अनुसार बाजरा लेकर पहुंच रहे हैं। जहां आढ़ती 2400 से 2420 रुपये प्रति क्विंटल तक खरीद कर रहे हैं। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पूर्णचंद सहरावत ने बताया कि मंगलवार तक 10602 किसानों से तीन लाख क्विंटल से अधिक बाजरे की खरीद की जा चुकी है।

महंत नोमीनाथ की चौथी पुण्यतिथि पर भंडारा

मंडी अटेली। महंत नोमीनाथ महाराज की चौथी पुण्यतिथि के मौके पर 28 अक्टूबर को सिहमा स्थित बाबा खेतानाथ आश्रम में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह हवन किया जाएगा, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आश्रम में महंत नोमीनाथ महाराज की पुण्यतिथि को लेकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

पूर्व विस अध्यक्ष 29 को विप्र समाज से करेंगे संवाद

नारनौल। हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विप्र समाज के वरिष्ठ नेता कुलदीप शर्मा 29 अक्टूबर को नारनौल का दौरा करेंगे। वे मोहल्ला चौधरीयान स्थित श्री गौड़ ब्राह्मण सभा प्रांगण में विप्र समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा करेंगे। यह जानकारी श्री गौड़ ब्राह्मण सभा रजिस्टर्ड नारनौल के प्रधान एवं अधिवक्ता राकेश महता ने दी।

19 करोड़ रुपये की लागत का एस्टीमेट तैयार, सरकार को भेजा प्रस्ताव

महेंद्रगढ़ शहर में 500 सीटों वाला अतिआधुनिक ऑडिटोरियम बनेगा

विकास गोडवाल ⏭ महेंद्रगढ़

शहर में सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक बड़े आधुनिक प्रोजेक्ट की योजना तैयार की गई है। नगर पालिका की ओर से शहर में 500 दर्शकों की क्षमता वाला अतिआधुनिक ऑडिटोरियम बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। करीब 19 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले इस प्रोजेक्ट का एस्टीमेट तैयार कर बजट मंजूरी के लिए सरकार के पास भेज दिया गया है। सरकार से बजट स्वीकृति मिलने के बाद नियमानुसार आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि महेंद्रगढ़ में लंबे समय से ऐसे आधुनिक सभागार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जहां शहर के लोगों के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न संस्थाओं को बड़े कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

प्रस्तावित ऑडिटोरियम को आधुनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार करने की योजना है। प्रस्तावित ऑडिटोरियम में एक साथ करीब 500 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी। सभागार को आरामदायक सीटों और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की योजना है। वहीं मंच को आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था से लैस किया जाएगा, ताकि नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत, नृत्य और अन्य मंचीय प्रस्तुतियां आयोजित की जा सकें। ऑडिटोरियम में पूर्ण वातानुकूलित हॉल की सुविधा प्रस्तावित है। सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एलईडी स्क्रीन तथा प्रोजेक्टर की व्यवस्था भी की जाएगी। कलाकारों और कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के लिए ग्रीन रूम और चेंजिंग रूम बनाए जाने की योजना है।

आगंतुकों की सुविधाओं का भी रखा जाएगा ध्यान



नगर पालिका मुख्यद्वार

प्रोजेक्ट में केवल मुख्य सभागार पर ही ध्यान नहीं दिया गया है, बल्कि यहां आने वाले लोगों की सुविधाओं को भी ध्यान में रखा गया है। प्रस्तावित योजना में पार्किंग, स्वच्छ शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। दिव्यांगजन के लिए रैंप और सुगम आवागमन की व्यवस्था भी प्रस्तावित है, ताकि सभी वर्गों के लोग ऑडिटोरियम का आसानी से उपयोग कर सकें। ऑडिटोरियम बनने के बाद महेंद्रगढ़ में बड़े स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा। यहां नाटक, संगीत कार्यक्रम, नृत्य, कवि सम्मेलन, लोककला और हरियाणवी संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम कराए जा सकेंगे। इससे स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच मिलने की उम्मीद है। शहर के स्कूलों और कॉलेजों के लिए भी यह सुविधा उपयोगी साबित हो सकती है। वार्षिकोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह, प्रतियोगिताएं, शैक्षणिक कार्यक्रम और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के लिए संस्थानों को आधुनिक सभागार उपलब्ध हो सकेगा। इसके अलावा सामाजिक संगठनों और विभिन्न विभागों की ओर से आयोजित होने वाले सेमिनार, सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी यहां किए जा सकेंगे।

शहर की सुविधाओं में जुड़ेगा नया अध्याय

नगरपालिका का मानना है कि आधुनिक ऑडिटोरियम बनने से महेंद्रगढ़ में सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार होगा। बड़े आयोजनों के दौरान आसपास के दुकानदारों, खानपान से जुड़े कारोबार और अन्य स्थानीय व्यवसायों को भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही शहर में होने वाले कार्यक्रमों के लिए लोगों को अन्य स्थानों पर निर्भरता कम होगी। नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने कहा कि शहर के विकास का मतलब केवल सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं तक सीमित नहीं है। आधुनिक समय की जरूरतों के अनुरूप सार्वजनिक सुविधाएं विकसित करना भी जरूरी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ऑडिटोरियम का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि करीब 19 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का एस्टीमेट तैयार कर सरकार को बजट मंजूरी के लिए भेजा गया है। बजट स्वीकृत होने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

11.50 करोड़ की लागत से बनेगी अत्याधुनिक लाइब्रेरी

महेंद्रगढ़। शहर में शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार करने के उद्देश्य से लगभग 11 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक लाइब्रेरी निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर बजट स्वीकृति के लिए सरकार के पास भेजा गया है। नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि प्रस्तावित लाइब्रेरी में वातानुकूलित अध्ययन कक्ष, डिजिटल लाइब्रेरी, कंप्यूटर, हाई-स्पीड इंटरनेट, ई-लर्निंग तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों सहित विभिन्न आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की योजना है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। आधुनिक लाइब्रेरी बनने से युवाओं को अपने ही शहर में बेहतर अध्ययन वातावरण एवं शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे। प्रधान रमेश सैनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य महेंद्रगढ़ को बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा, खेल एवं आधुनिक नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाना है।

न्यूज डायरी



त्योहारों के सीजन में अटेली के बाजारों में बढ़ा अतिक्रमण, जाम से लोग परेशान

मंडी अटेली। त्योहारों के सीजन में मंडी अटेली शहर की मुख्य गलियों और बाजारों में अतिक्रमण की समस्या बढ़ने लगी है। दुकानों के बाहर सामान रखने, रेहड़ियां लगाने और सड़कों पर अलग ढंग से वाहन खड़े करने के कारण आमलोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। शहर के प्रमुख मार्गों पर स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को थोड़ी दूरी तय करने में भी काफी समय लग जाता है। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रभावी कदम उठाए जाते नजर नहीं आ रहे हैं। शहर के रेलवे रोड़ पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या अधिक देखने को मिल रही है। यहां कई लोग अपने वाहन सड़क पर खड़े करके घंटों तक वापस नहीं आते।



सुपरवाइजर सरोज देवी की सेवानिवृत्ति पर हुआ सम्मान समारोह

महेंद्रगढ़। पीएचसी मालड़ा बास में महिला स्वास्थ्य सुपरवाइजर सरोज देवी के सेवानिवृत्ति से पूर्व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएचसी इंचार्ज डॉ. पिंकी जांगड़ा ने की, जबकि मंच संचालन स्वास्थ्य कर्मी मुकेश चौहान एवं अशोक देवनगर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उनके पति मास्टर भूपेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच संचालन के दौरान मुकेश चौहान व अशोक देवनगर ने बताया कि सरोज देवी ने 20 अगस्त 2001 को स्वास्थ्य विभाग में एमपीएचडब्ल्यू के पद पर उप स्वास्थ्य केंद्र जेरपुर में ज्वाइन किया था।



विधवा सेल व मॉडल प्रॉसिक्यूशन स्कीम पर समीक्षा बैठक

नारनौल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. रितु वाईके बहल के दिशा-निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी की अध्यक्षता में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम हरविंद्र सिंह भी मौजूद थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधवा सेल और मॉडल प्रॉसिक्यूशन स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन, समीक्षा और विभिन्न विभागों के बीच आपसी सामंजस्य को मजबूत करना है, ताकि जरूरतमंदों व पीड़ितों को समयबद्ध न्याय और प्रशासनिक सहायता मिल सके।

आदित्य यादव के एडीए पद पर चयनित होने पर बंटी मिठाई



नारनौल। जिला बार एसोसिएशन में हरियाणा में असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी (एडीए) पद पर अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव के पुत्र आदित्य यादव का चयन होने की खुशी में मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर बार परिसर में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की और आदित्य यादव को इस उपलब्धि पर बधाई दी। आदित्य यादव के चयन से उनके परिवार और अधिवक्ता समुदाय में खुशी का माहौल है। उनके पिता ओमप्रकाश यादव के जाने-माने अधिवक्ताओं में शामिल हैं। जिला बार एसोसिएशन में उत्साहपूर्ण माहौल रहा। अधिवक्ताओं ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी साझा की और आदित्य यादव को भविष्य में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।



कनीना। गुढ़ा गांव में मोहित चौधरी का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

धर्मसेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया जनसंपर्क

कनीना। धर्मसेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित चौधरी ने मंगलवार को ब्लॉक के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर स्थानीय समस्याओं को सुना और अपने पिता भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए पिछले 12 वर्ष के दौरान जारी की गई ग्रांट का ब्यौरा भी ग्रामीणों के समक्ष रखा। उनके जनसंपर्क अभियान की शुरूआत सुबह नौ बजे गुढ़ा गांव से हुई। जहां ग्रामीणों ने उनका गर्म जोशी के साथ फूलमालाओं ओर पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत मोहित चौधरी केमला, खरकड़ा बास, धनौंदा, झाड़ली, छितरोली, उन्हानी, चेलावास होते हुए शाम को रसूलपुर पहुंचे। प्रत्येक गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों व युवाओं ने उनका फूल-मालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सभा के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल किल्लत, टूटी सड़कें, जल निकासी, खेल स्टेडियम, बिजली आपूर्ति जैसी मूलभूत समस्याएं उनके समक्ष रखीं। मोहित चौधरी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या का तत्परता से समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह, सरपंच वीरेंद्र दीक्षित, रामचंद्र नम्बरदार, पृथ्वी चंद नम्बरदार, महावीर सिंह नम्बरदार, सुनील कुमार, राजकुमार, पूर्व सरपंच धर्मपाल सिंह, मा. होशियार सिंह, रामअवतार शर्मा, थावरमल, इंद्रलाल, रामकिशन, नरेंद्र यादव, धर्मपाल शर्मा, दलीप सिंह, सुरेश सोनी आदि मौजूद रहे।

टैगोर स्कूल में लगाया जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नारनौल के दिशा-निर्देशों के तहत टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम पर जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा बाल यौन अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन की अधिवक्ता सोनिया यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में रहने, सम्मान पाने और अपने अधिकारों की रक्षा करने का अधिकार है। उन्होंने बच्चों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बीच अंतर समझाया तथा किसी भी असहज स्थिति में बिना डर के अपने अभिभावकों, शिक्षकों या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को बताने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, व्यक्तिगत सीमाओं, सतर्कता और किसी भी अनुचित व्यवहार की सूचना संबंधित व्यक्ति या प्राधिकरण तक पहुंचाने के महत्व के बारे में बताया गया। प्राचार्य विरेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि विद्यालय और पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए।

बच्चों की सुरक्षा व जागरूकता शिक्षा का अभिन्न अंग

टैगोर ग्रुप की सीईओ डॉ. निशा यादव ने बच्चों की सुरक्षा एवं जागरूकता को शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए ऐसे कार्यक्रम के महत्व पर जोर दिया। वहीं डायरेक्टर राहुल यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ कानूनी अधिकारों, आत्म-सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों की जानकारी देना भी आवश्यक है, ताकि वे सुरक्षित एवं जागरूक नागरिक बन सकें।

पुलिस ने घर में चोरी के मामले में आरोपित को किया गिरफ्तार

नारनौल। थाना सदर पुलिस ने गांव भांखरी में दो घरों से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अश्विनी निवासी गोपालपुरा, थाना बुहाना, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपित को गांव डोहर कलां क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। डीएसपी मुख्यालय भारत भूषण ने बताया कि गांव भांखरी निवासी हनुमान प्रसाद व सतीश कुमार ने थाना सदर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 व 29 अगस्त की मध्यरात्रि को अज्ञात चोरों ने उनके मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी व राजकीय महिला महाविद्यालय का औचक निरीक्षण

सरकार बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध: मीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन मीना परमार ने मंगलवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी व राजकीय महिला महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंतरिक शिकायत निवारण समितियों की कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्राओं द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रकार की शिकायत पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें। शिकायत की अनदेखी ना करें। शिकायतों पर कार्रवाई में अनदेखी को हरियाणा महिला आयोग बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान मीना परमार ने छात्राओं से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को जाना।



महेंद्रगढ़। छात्राओं से संवाद करती मीना परमार। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि यदि उनके साथ किसी भी स्तर पर कुछ भी गलत होता है तो वे उसका विरोध करें। गलत बात का विरोध करने में हिचकिचाहट या शर्म महसूस ना करें। हमेशा निडर रहें और कड़ी मेहनत करें और अपना लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ें। हरियाणा महिला आयोग हमेशा उनके साथ में खड़ा है। छात्राओं के हितों पर कभी भी आंच नहीं आने दी जाएगी। राजकीय महिला महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कशिश, द्वितीय स्थान पर खुशबू, तृतीय स्थान पर भारती रही। कॉलेज सभागार में छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने साइबर सुरक्षा, कानूनी सहायता और महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया। मीना परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए प्रशासन, पुलिस और शैक्षणिक संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।

यह रहे मौजूद

इस अवसर पर प्राचार्य महेंद्र सिंह, आईसीसी वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर मिथलेश, डॉक्टर ज्योति शर्मा, डॉक्टर किरण यादव, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक, खंड शिक्षा अधिकारी जगमाल सिंह, मॉडल संस्कृति स्कूल प्राचार्य सुनील गोरा, सहायक आचार्य डॉ. रणवीर सिंह, बीजेपी मंडल अध्यक्ष दीपिका पाली, डॉ. अविनाश यादव, डॉ. महेश यादव, राजेश शर्मा झाड़ली, दिव्या, वैष्णवी, डॉ. सुमन यादव, पूजा किरण, सब इंस्पेक्टर सुरेश, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर अनीता यादव, एलएचसी प्रीति, महिला संरक्षण अधिकारी एलएचसी सरिता उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005